## चलती ट्रेन से कूदा युवक, गंभीर घायल

**धौलपुर।** धौलपुर रेलवे स्टेशन पर बुधवार सुबह एक युवक चलती ट्रेन से कूद गया। इस दौरान युवक ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे मौके पर मौजूद जीआरपी पुलिस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। जिसका ट्रॉमा वार्ड में डॉक्टरों की देखरेख में इलाज किया जा रहा है।

घायल को लेकर अस्पताल पहुंचे जीआरपी चौकी के कॉन्स्टेबल राजकुमार ने बताया कि 25 वर्षीय युवक सुनील पुत्र राधेश्याम निवासी दीवान का पुरा सुंदरपुर चंडीगढ़ से धौलपुर आ रहा था। युवक चंडीगढ़ से मंगला एक्सप्रेस में चढ़ गया, जिसका धौलपुर में स्टॉपेज नहीं था। कॉन्स्टेबल ने बताया कि प्लेटफार्म पर ट्रेन की रफ्तार धीमी होने पर युवक चलती ट्रेन से उतर गया। तभी चलती ट्रेन से उतरने से युवक ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच में आ गया। जिस हादसे में युवक का एक हिस्सा बुरी तरह से क्षितठास्त हो गया है। घटना के दौरान मौके पर मौजूद जीआरपी पुलिस ने घायल युवक को लेकर जिला अस्पताल पहुंची। पुलिस द्वारा पीड़ित के परिजनों को सूचना देकर अस्पताल बुलाया गया है। अभी फिलहाल अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराए गए युवक का डॉक्टर की देखरेख में इलाज किया जा रहा है।

# जिला कलेक्टर ने किया नवीन जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

**करौली( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बुधवार को नवीन जिला चिकित्सालय एवं मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य ईकाई का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होने चिकित्सालय परिसर व वार्डो मे नियमित साफ सफाई रखने के निर्देश दिये। इसके अलावा जिला कलेक्टर ने ईएनटी वार्ड, ओपीडी, लैब, कुपोषण वार्ड, पीएनसी वार्ड, बच्चों का आईसीयू, पीआईसीयू, सोनोग्ा्रफी कक्ष, एक्सरे कक्ष, मिल्क बैंक, मेडीकल वार्ड, आउटडोर वार्ड सहित अन्य ईकाईयों का निरीक्षण किया एवं आवश्यक जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान उन्होने जिला चिकित्सालय मे वृद्धजनों के लिये बनाये गये वार्ड एवं वार्ड मे उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं के बारे मे जानकारी लेकर वृद्धजनों को चिकित्सा सुविधा से लाभान्वित करने के निर्देश दिये साथ ही वृद्धजनों के लिये अलग से ओपीडी लाईन को क्रियान्वित करने के निर्देश भी दिये। उन्होने आपातकाल के दौरान व्हीलचेयर सहित अन्य आवश्यक चिकित्सा सुविधाऐं उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिये।



करौली जिला अस्पताल का कलेक्टर नीलाभ सक्सैना ने निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान गर्मी के मौसम को देखते हुए मरीजों को पेयजल की समुचित व्यवस्था करने, पंखे व कूलरों की समुचित व्यवस्था रखने, दवाओं की पूर्ण उपलब्धता रखने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उन्होने भर्ती महिलाओं से चर्चा कर मिल रही चिकित्सा सुविधा के बारे मे जानकारी ली। इस दौरान उन्होने समस्त चिकित्सा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर पीएमओ डॉ रामकेश मीना सहित अन्य चिकित्साकर्मी उपस्थित रहे।

## इनामी बदमाश पकड़ा

**हिंडौन सिटी।** किसानों के 2-3 करोड़ रुपए लेकर फरार व्यापारी और 25 हजार के इनामी को नई मंडी थाना पुलिस ने महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। जिसे गिरफ्तार कर पुलिस बुधवार को नई मंडी थाना लेकर पहुंची। इस दौरान पुलिस ने आरोपी व्यापारी से गहनता से पूछताछ भी की। डीएसपी गिरधर सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। थाना प्रभारी रामकिशन यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी हनुमान कॉलोनी निवासी परेश कुमार महाजन पर 25 हजार रुपए का इनाम भी है।

थाना प्रभारी ने बताया कि कृषि उपज मंडी में आढ़त व्यापारी परेश महाजन किसानों की फसल को अपनी आढ़त की दुकान पर बेचता था। किसानों के फसल बिक्री के कुल रुपयों में कुछ रोकडी देकर शेष बड़ी राशि को 1-2 रूपया सैकडा के ब्याज पर उधार रख लेता था। इसी प्रकार 60-70 किसानों से करीब 2-3 करोड रुपए उधार कर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार 24 अप्रैल को परिवार के सदस्यों को और अपने घरेलू सामान को साथ लेकर फरार हो गया था। जिस पर किसानों द्वारा नई मंडी थाने में मामला दर्ज कराया गया। फरार व्यापारी की तलाश में पुलिस ने चन्दनपुर, पूना, बडौदरा, अहमदाबाद, रतलाम, कोटा,महाराष्ट्र व गुजरात में बदलते हुए लोकेशन पर तलाश शुरू की। साइबर सेल के पुष्पेन्द्र की मदद से आरोपी को महाराष्ट्र के एक शहर से गिरफ्तार किया।

## सार-समाचार

### परशुराम कथा की कलश यात्रा निकाली

**भरतपुर ( निस )।** विप्र फाऊंडेशन भरतपुर द्वारा प्रातः श्री गायत्री मन्दिर पर पूजा पाठ कर बडे ही धूमधाम गाजेबाजे के साथ परशुराम कथा की कलश यात्रा प्रारम्भ हुईं जिसमे मुख्यतिथि राजस्थान के मुख्यमंत्री के पुत्र डॉ. कुणाल भजन लाल शर्मा एवं शिक्षाविद संतोष कटारा ने झंडी दिखा कर यात्रा का शुभारम्भ किया व भगवान परशुराम का श्रद्धा भाव के साथ पूजन किया। यात्रा मे महिलाए सिर पर कलश धारण किए हुए पीले वस्त्रों में यात्रा में शामिल रहीं, वंही विप्र फाऊंडेशन के सदस्यों के साथ अनेक भक्तगण भी यात्रा में शामिल थे यात्रा में बग्घी पर भगवान परशुराम की छवि व अचार्य मिश्र विराजित थे। यात्रा का जगह जगह सर्वसमाज ने पुष्प वर्षा और ठंडे पेय पदार्थों से स्वागत किया गया और भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की गई यात्रा बिहारी जी मन्दिर खाटूश्याम वा मनसा देवी हनुमान मंदिर होते हुए परशुराम मन्दिर सुदरलाल बगीची पहुंच समाप्त हुई और दोपहर 12बजे अचार्य द्वारा भगवान परशुराम की कथा का वाचन हुआ। व्यासपीठ का पूजन आचार्य धरणीधर शर्मा द्वारा किया गया। मुख्य यजमान के रूप मे भाजपा के जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज एवं विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष डॉ. सुशील पाराशर सपत्नी मौजूद रहे। कथा अचार्य श्रीपति मिश्र ने कथा मे भगवान परशुराम के जीवन परिचय को विस्तार से बताया।

### डिस्कॉम करेगा कार्रवाई

**हिंडौन सिटी।** संभागीय मुख्य अभियंता उमेश गुप्ता ने मंगलवार को टोडाभीम नंदौती उपखंड के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान बिजली से जुडी समस्याओं पर चर्चा की गई। संभागीय मुख्य अभियंता उमेश गुप्ता ने कहा कि लगातार बढ़ बिजली चोरी चिंता का कारण है। इस पर सख्ती से काम किया जाए। गर्मियों के सीजन को देखते हुए आपसी सामंजस्य के साथ काम करें ताकि आमजन को कोई परेशानी ना हो। उन्होंने सभी अधिकारियों से ठााउंड पर रहने और तुरंत राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान डिस्कॉम के अधिशासी अभियंता रूपसिंह गुर्जर, टोडाभीम सहायक अभियंता मुकेश कुमार मीना और नादौती सहायक अभियंता नमोनारायण मीना ने भी सभी कर्मचारियों को विभागीय कार्ययोजना की जानकारी दी। संभागीय अभियता उमेश गुप्ता ने सभी फीडर इंचार्ज को राजस्व वसूली अभियान को तेज करने और उपभोक्ताओं से बकाया वसूली के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी रोकने के लिए सख्ती से कार्रवाई की जाए।

### प्रवेश आवेदन 20 मई तक भरे जा सकेंगे

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर के काली बगीची चौराहे के पास संचालित खेलो इंडिया मल्लखंभएकेडमी में नवीन खिलाडियों के प्रवेश आवेदन 10 मई से शुरू होंगे। खेलो इंडिया मल्लखंभ एकेडमी के प्रशिक्षक एवं संयोजक शुभम, सौरभ कश्यप् के अनुसार मल्लखंभ एकेडमी में निशुल्क प्रशिक्षण हेतु 6 वर्ष से लेकर स्कूमली तथा कालेज छात्र छात्रायें जिनकी आयु अधिकतम 20 वर्ष हो, प्रवेश के आवेदन कर सकते हैं। राजस्थान राज्य मल्लखंभ संघ के सचिव विपिन सिंह के अनुसार प्रवेश आवेदन पत्र गोधा फोटोस्टेट, गंगा मंदिर भरतपुर से लेकर उसे भरकर तथा उसी प्रमाण पत्र, आधर, जन्म तिथि तथा खेल प्रमाणपत्र आदि संलग्न कर 20 मई तक मल्लखंभ एकेडमी काली बगीची भरतपुर में सांय 4 बजेसे 6 बजे तक जमा कर सकेंगे। एकेडमी निदेशक डॉ. रमेश इंदौलिया ने बताया कि इच्छुक खिलाडी जिनकी आयु कम से कम 6 वर्ष तथा स्कूल, कालेज में पढ रहे हैं।

### 438 पब्बो के साथ एक गिरफतार

**गंगापुर सिटी।** सदर थाना पुलिस ने एनडीपिएस एक्ट में वांछित आरोपी अजीत उर्फ टाडा पुत्र रोशन खान निवासी चमनपुरा थाना उदेई मोड को गिरफतार किया है। पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर के आदेशानुसार जिले के सभी थानो में चलाए जा रहे अभियान के तहत एएसपी राकेश राजोरा, डिप्टी अरविन्द कुमार के सुपर विजन में वांछित अपराधी को गिरफतार किया है। वहीं थाना नादौती पुलिस ने कार्रवाही करते गुढाचंद्रजी की पुलिया के पास सुन्दर बाल्मिकी को अवैध शराब की सप्लाई करते हुए गिरफतार किया है। जिसमे 24० पब्बे देशी, 64 बोतल किंगफिशर बीयर, 72 केन किंगफिशर केन बीयर वहीं अलग अलग ब्राण्ड के कुछ पब्बो सहित कुल 438 नग जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत गिरफतार किया है।

### जिला इंस्पायर अवार्ड का आयोजन आज

**करौली( नि.स. )।** जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी का आयोजन स्वतंत्रता सैनानी चिरंजीलाल शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करौली में आज गुरूवार को होगा जिसमें कुल पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या 68 है। आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं इंस्पायर अवार्ड समिति के सदस्य महेश कुमार शर्मा ने बताया कि आज गुरूवार को पंजीकृत विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन प्रात 8:30 से 10:00 तक किया जाएगा जिसमें सभी विद्यार्थीयो द्वारा बनाए गए मॉडल को प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान प्रदर्शनी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को राज्य स्तर पर भेजा जाएगा।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन की कलश यात्रा आज

**करौली ( नि.स. )।** माली समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन महात्मा ज्योतिबा फूले विकास संस्थान के तत्वाधान में 10 मई अक्षय तृतीया को छात्रावास परिसर में 33 जोडों के साथ संपन्न होने जा रहा है सम्मेलन का शुभारम आज गुरूवार को सेलोकर हनुमान मंदिर से विशाल कलश यात्रा और श्रीविनायक स्थापना के साथ होगा।

कलश यात्रा सेलोकर हनुमान मंदिर से प्रातः 6:00 बजे शुरू होगी जो पुलिस लाइन होते हुए छात्रावास परिसर पहुंचेगी जहां पर विनायक स्थापना होगी। सम्मेलन समिति के सचिव रामगोपाल माली और मुख्य प्रवक्ता गोपाल लाल माली ने बताया कि बुधवार को मुख्य कलश की बोली कोटा सरपंच रमजी माली उनकी धर्मपत्नी अंगूरी देवी के नाम 42051 रुपए में रही जबकि बारात के आगे मुख्य ध्वज और घोड़ी चढ़ाई की बोली 51,551 में रघुवीर सैनी खेड़ा मदनपुर हाल निवासी हिंडौन सिटी के नाम रही वहीं तुलसी विवाह और मुख्य हवन कुंड की बोली जमनालाल व उनकी धर्मपत्नी विद्यादेवी पूर्व प्रधान के नाम 1,0,0551 रुपए में रही। इस दौरान जिला अध्यक्ष जमनालाल प्रधान, विवाह समिति अध्यक्ष प्रेम सिंह माली,चौरासी अध्यक्ष अमरसिंह, अध्यक्ष श्रीफूल माली, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष तुलसीराम सैनी,पूर्व सरपंच भुल्ला,गिर्राज प्रसाद,पूर्व पार्षद राम सिंह, भूरा, नाहरसिंह, रामचरण, रामजीलाल, रूपसिंह ड्राइवर, बाबूलाल, कोषाध्यक्ष कल्याण माली, रामदयाल कोतवाल, पन्नूसिंह रंगलाल सैनी, मिश्री मेडिया, भैरोलाल, गिर्राज ठेकेदार, ब्रजमोहन सहित सभी पंच पटेल युवा उपस्थित रहे।

## सीएमएचओ ने उपस्थिति पंजिका जांची

**करौली।** जिले की चिकित्सा सेवाओं में सुधार लाने और रोगियों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीना ने सीएचसी कैलादेवी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सीएचसी को नवनिर्मित भवन में शिफ्ट करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। सीएमएचओ ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित पंजिका का अवलोकन कर मौजूद कार्मिकों जांची और विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की स्थिति से रूबरू होकर प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने संस्था प्रभारी को सीएचसी को नवनिर्मित में भवन में संचालन के लिए आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने और भवन अधिग्रहण प्रक्रिया किए जाने के निर्देश प्रदान कर समय से समान शिफ्टिंग कार्य को करने की आवश्यकता जताई।

# एसीओ ने ली ग्राम विकास अधिकारियो की बैठक

**गंगापुर सिटी।** जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बुधवार को विभागीय योजनाओं के संबंध में बैठक ली। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बैठक में एबीपीएस, जियोटेगिंग, पौधारोपण, 1०० दिवसीय कार्ययोजना, निर्माण कार्यस्थल पर मेट के पास उपलब्धता, प्रति ग्राम पंचायत 2०० श्रमिकों का नियोजन, एनएमएमएस एप पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बैठक में अमृत सरोवर सहित अन्य सभी योजनाओं में कराए गए कार्यो के उपयोगिता, पूर्णता प्रमाण पत्र की प्रगति, बकाया ओडिट पेराज की अनुपालना, सामुदायिक शौचालय, कचरा संग्रहण, प्रधानमंत्री आवास की प्रगति, मुख्यमंत्री



ग्राम विकास अधिकारियो की बैठक लेते एसीओ।

जलसंचय योजना और मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन योजना में स्वीकृत कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान सभी ग्राम विकास अधिकारियों को सभी बिन्दुओं पर आगामी 10 दिन में लक्ष्य अनुसार प्रगति अर्जित करने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ नोटिस जारी कर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विकास अधिकारी गंगापुर सिटी गुलाब सिंह गुर्जर सहित सभी पंचायत समिति और ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# हाईवे पर अवैध कट बंद होंगे

**करौली।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चौधरी ने कहा कि जिले मे दुर्घटनाओं को रोकने के लिये जिले मे चल रहे ओवरलोड वाहनों के खिलाफ पुलिस एवं परिवहन विभाग को समन्वयता से कार्य करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिये।अति. जिला कलेक्टर बुधवार को जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे।

उन्होंने परिवहन एवं यातायात पुलिस के अधिकारियों को जिले मे चल रहे टैक्टर टॉलियों का पंजीकरण जांचने, वाहनों मे रिफ्लेक्टर लगवाने, हाईवे पर अवैध कटों को बंद करने, ऑवर स्पीड वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करने, ब्लाईड स्पॉट चिन्हित कर कार्यवाही करने उन पर साईन बोर्ड लगाने,टोलरोड की स्थिति जांचने एवं खराब पडे टोल रोड पर नियमानुसार मरम्मत संबंधी कार्यवाही करवाने के निर्देश दिये। उन्होने बैठक मे परिवहन,नगर परिषद,यातायात पुलिस के अधिकारियों को आपसी समन्वयता से शहरी क्षेत्र मे पार्किंग की समस्या का समाधान करवाने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होने शिक्षा विभाग के अधिकारी को बच्चों को यातायात के नियमों की जानकारी देने,हेलमेट का उपयोग करने सहित अन्य यातायात नियमों की पालना करवाने के निर्देश दिये । बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकरलाल मीना,सानिवि के अधीक्षण अभियंता एन.के जोशी, जिला परिवहन अधिकारी महावीर प्रसाद पंचोली, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीना, आयुक्त नगर परिषद करणी सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कक्षा 8 तक का अवकाश 11 तक

**करौली।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि जिले मे चल रही हीट वेव के कारण समस्त राजकीय व गैर राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों मे 9 से 11 मई तक कक्षा 1 से 8 तक का अवकाश घोषित किया गया है तथा कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों का विद्यालय समय प्रातः 11:30 बजे तक रहेगा। इस संबंध मे उन्होने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये है।

## राजेंद्र प्रधान ने की जनसुनवाई

**महुवा ।** . महुवा विधायक राजेंद्र प्रधान ने बुधवार को महुवाविधानसभा क्षेत्र के आम जन की जन समस्याओं को लेकर भाजपा कार्यालय महुवा पर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पधारे आम जन की समस्या सुनकर मौके पर संबंधित अधिकारियों से बात कर आम जनकी जन समस्याओं को समाधान करने के लिए दिशा निर्देश दिए ! इस दौरान राजेंद्र प्रधान ने कहा कि आम जन की जन समस्याएं का निराकरण समय पर अधिकारी कर्मचारी कर अपना दायित्व निभाएं इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग के कर्मचारी अधिकारी द्वारा आमजन की समस्याओं का निराकरण समय पर नहीं करने पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को लिखा जाएगा।

# जिला कलक्टर ने ली आपदा प्रबंधन समिति की बैठक

**भरतपुर ( निस )।** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए अधिकारी वर्षा पूर्व जलभराव क्षेत्रों को चिन्हित कर नालों एवं जलबहाव क्षेत्रों की सफाई कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागों को बाढ एवं अतिवृष्टि के समय राहत एवं सहायता के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता का आंकलन कर निरीक्षण करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर बुधवार को कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित आपदा प्रबंधन समिति की जिला स्तरीय बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाढ एवं अतिवृष्टि के समय शहरी क्षेत्रों में जहॉ-जहॉ जलभराव की समस्या रहती है, चिन्हित कर नालों की सफाई गुणवत्ता के साथ करायें जिससे पानी निकासी में समस्या नहीं रहे। उन्होंने अतिवृष्टि के समय नहरों, बांधों एवं तालाबों की सुरक्षा का आंकलन कर आवश्यक बंदोबस्त अभी से करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नहरों की सफाई, बांधों के गेट की मरम्मत तथा नाव, रस्से, मिट्टी के कट्टों की व्यवस्था के लिए सिंचाई विभाग समय पूर्व कार्ययोजना बनाकर पूरी करें। उन्होंने नगर निगम, नगरपालिकाओं को शहरी क्षेत्रों में क्षितग्रस्त सरकारी एवं निजी आवासों का भी चिन्हीकरण कर वर्षा के समय जनहानि से बचने के लिए सुरक्षामक उपाय के लिए पाबंद करने के निर्देश दिये।

## तीन साल से पेयजल संकट

**हिंडौन सिटी।** टोडाभीम के बालघाट तहसील की ठााम पंचायत कमालपुरा गांव की सरपंच कमलेश देवी अपने निजी खर्चे से लोगों को पेयजल उपलब्ध करवा रहीं हैं। उनका कहना है कि अगर सरकार मदद नहीं करेगी तो क्या हुआ।


**सम्पत्ति से बेदखल**

मैं गिर्राज प्रसाद पुत्र श्रीलाल जाति ब्राह्मण निवासी बिरहैटा तह. मासलपुर जिला करौली (राज.) शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि शिवराम शर्मा पुत्र गिर्राज प्रसाद शर्मा मुझ शपथकर्ता का सगा पुत्र है। मेरा पुत्र शिवराम शर्मा आदतन आवारा किस्म का जुआरी, शराबी, नसेडी किस्म का है। जो मुझसे व मेरे परिवार से लडाई झगडा मारपीट कर हमको तंग करता चला आ रहा है और दीगर व्यक्तियों से कर्ज लेकर मेरी चल-अचल सम्पत्ति को खुर्द बुर्द करता चला आ रहा है। जबकि मैं लाखों रूपया शिवराम शर्मा के कर्म के रूप में दीगर व्यक्तियों को अदा कर चुका हूं। जिससे तंग आकर अब मैं मेरे पुत्र शिवराम शर्मा को मेरी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। यदि कोई दीगर व्यक्ति शिवराम शर्मा से अब किसी भी प्रकार का लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।


## आजीवन सदस्यों की मीटिंग का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** रेडक्रास के संस्थापक सर हैनरी ड्यूनाट के जन्म दिवस पर सारस स्थित होटल द पार्क में आजीवन सदस्यों की मीटिंग का आयोजन शांति वापना की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर रेडक्रास सचिव पवन खंडेलवाल ने बताया कि सन हेनरी-ड्यूनौट ने 16 यूरोपीय राष्ट्रों के सहयोग से 1863-64 में रेडक्रास की स्थापना की जिसका केन्द्रीय भाव अन्तर्राष्ट्रीय मानवता कानून पर आधारित है। जिसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा कानूनी मान्यता प्राप्त है।

जेनेवा समझौता 1949 के अनुसार घायल सैनिकों, युद्धवंदियों, शरणार्थियों, खोए व्यक्तियों, भूकम्प महामारी, अकाल, अप्राकृतिक आपदा बाढ पीडितों की सहायतार्थ अग्रणी भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी द्वारा सर्व सम्मति से सीताराम गुप्ता को रेडक्रास सोसायटी का संरक्षक मनोनीत किया।

रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन एस.एन. अग्रवाल ने भरतपुर रेडक्रास सोसायटी द्वारा किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी, वाइस चेयरमैन कृष्ण कुमार अग्रवाल ने रेडक्रास सोसायटी को और अधिक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी की वयोवृद्धा सदस्य शांति वापना का महिला रेडक्रास इकाई ने सम्मान किया।

# जिला कलेक्टर ने शहर का दौरा कर जलापूर्ति का लिया जायजा

**गंगापुर सिटी ।** कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी ने बुधवार को शहर का दौरा कर जलदाय विभाग की ओर से की जा रही जलापूर्ति का जायजा लिया। इसके बाद कलेक्टर डॉ. सैनी ने तहसील में पहुंचकर तहसील का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गर्मी के मौसम को लेकर क्षेत्र में लगातार पानी की समस्या की शिकायत मिल रही थी। साथ ही मौसम विभाग की ओर से हीट वेव का अलर्ट जारी किया हुआ है।

ऐसे में मौसम विज्ञान के गाइडलाइन के बाद और पानी की समस्या को लेकर कलेक्टर डॉक्टर गौरव सैनी बुधवार सुबह निरीक्षण पर निकले। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के साथ अधिशासी अभियंता रामकेश मीणा, कार्यवाहक सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता नीरज सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी साथ रहे। इस दौरान कलेक्टर ने शहर के बाजार में अनाज मंडी आदि जगहों पर जलापूर्ति का जायजा लिया।

इसके बाद कलेक्टर ने शहर के उदेई मोड से होते हुए सालोदा क्षेत्र में रिया हॉस्पिटल के पास, वसुंधरा कॉलोनी और कैला देवी मंदिर के आसपास देवी कॉलोनी में जलापूर्ति का जायजा लिया। निरीक्षण में कलेक्टर ने आमजन से भी संवाद किया और जलापूर्ति के बारे में जानकारी ली। इस



पाइप लाइन लिकेज को सही करने के निर्देश देते जिला कलेक्टर।

पर आसपास के लोगों ने कहा कि जलापूर्ति काफी कम समय के लिए होती है। जिससे पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है।

उन्होंने पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की कलेक्टर से मांग रखी। इस दौरान कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कई जगह पर क्षतिग्रस्त लाइन को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही उपभोक्ताओं की भी कई जगह पर लाइन क्षतिग्रस्त मिली। उसे भी उपभोक्ता को नोटिस जारी कर सही करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा गर्मी के मौसम को देखते हुए कलेक्टर ने शहर में आम जनता को निरंतर जलापूर्ति किए जाने के जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर तहसील कार्यालय पहुंचे और यहां पर तहसील का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सुधारानी भी मौजूद रहीं। कलेक्टर ने तहसीलदार को पेंडेंसी का निस्तारण करने और 1 अप्रैल के बाद पंजीयन फॉर्मेट की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश तहसीलदार को दिए।

## सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार की मौत

**करौली ( नि.स. )।** करौली-कैलादेवी मार्ग स्थित बरखेड़ा पुल पर एक तेज रफ्तार एसयूबी कार ने मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाईकिल सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर घायल हो गया।

घायल को इलाज के लिए गंभीर हालत में जयपुर रैफर कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का करौली अस्पताल मे पोस्टमार्टम कर परिवार जनो को सुपुर्द कर दिया। हादसे के बाद एसयूबी कार लेकर ड्राइवर फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस एसयूबी कार की तलाश में जुटी है। करौली अस्पताल पुलिस चौकी प्रभारी कॉन्स्टेबल राम प्रकाश शर्मा ने बताया कि करौली सदर थाना क्षेत्र के आनंदगढ़ गांव निवासी प्रभु सिंह 40 पुत्र गोपाल सिंह और संठााम सिंह 19 पुत्र भूरा सिंह किसी काम से करौली आए थे।

युवक मोटरसाईकिल से अपने गांव आनंदगढ़ लौट रहे थे। इस दौरान करौली-कैलादेवी सड़क मार्ग स्थित बरखेड़ा नदी पुल पर कैलादेवी की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार एसयूबी कार ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद ड्राइवर एसयूबी कार को लेकर फरार हो गया।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को करौली अस्पताल लेकर पहुंची जहां डॉ. ने प्रभु सिंह को मृत घोषित कर दिया। जबकि संठााम सिंह को गंभीर हालत में जयपुर रैफर कर दिया।

इधर मृतक की पत्नी ने जिला कलेक्टर के नाम का ज्ञापन पेश कर आर्थिक सहायता राशि दिलवाने की मांग की मृतक की पत्नी सहित ग्रामीणों ने बताया कि प्रभु सिंह पुत्र गोपाल सिंह एवं संठााम सिंह पुत्र भूरा सिंह निवासी आनंदगढ़ करौली से गांव जाते समय अमृत होटल बरखेड़ा नदी के पास तेज गति व लापरवाही से गलत साइट पर आई हुई स्कॉर्पियो गाडी ने टक्कर मार दी जिससे प्रभु सिंह की मौके पर मृत्यु हो गई। व पीछे बैठे संठााम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया

जिसे जयपुर अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया है उन्होंने बताया कि मृतक प्रभु सिंह की पारिवारिक स्थिति आर्थिक रूप से बहुत कमजोर है कोई जमीन भी नहीं है मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। आश्रित के रूप में दो छोटे बच्चों में एक बच्ची जिसकी उम्र 12 साल से कम है अब परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है पत्नी घरेलू महिला है। उन्होंने परिवार के जीवन यापन में बच्चों की शिक्षा हेतु सरकारी कोटे से सहायता राशि एवं मृतक की पत्नी को कोई सरकारी कार्य जीवन यापन हेतु दिलवाने की मांग की इस दौरान भवानी सिंह, श्याम सिंह, जितेंद्र सिंह, राजाराम सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।


**राजस्थान सरकार**

**प्रपत्र सं. 8 देखिए नियम 21**

कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, खण्ड-भरतपुर राजस्थान सार्वजनिक अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

मुकदमा नम्बर 15 क 2024 (17)

चूंकि श्री राजूलाल वैष्णव पुत्र श्री सियाराम वैष्णव गोठरा की डोगरी, तहसील सपोटरा, जिला करौली (राज.) ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(2) के अन्तर्गत मंदिर श्री लक्ष्मण जी ट्रस्ट गोठरा, तहसील सपोटरा जिला करौली (राज.) प्रन्यास के संबंध में जांच दिये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तिों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, मैं हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए ये नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिवस के भीतर उक्त जांच के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णत किया जावेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

नोटिस- आज दिनांक 07.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 15.05.2024 है।

( कृष्ण कुमार खण्डेलवाल )
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, भरतपुर

## नालों की सफाई में की जा रही खानापूर्ति

**भरतपुर ( निस )।** नगर निगम क्षेत्र में वर्षात के पानी में कहीं रुकावट न आए इसलिए करोड़ों खर्च करके नालों की सफाई शहर के सर्कुलर रोड पर देखने को मिलेगी। नगर निगम द्वारा शहर में किए जा रहे अथक प्रयासों से लग रहा है की शायद शहर का जीर्णोद्धार हो रहा हो। शहर के अंदर से ठेली हटवाना फुटपाथ साफ कराना, पॉलिथीन बंद कराने का प्रयास। नालों की सफाई में नगर निगम जमकर सुर्खिया बटोर रहा है। पार्षद दीपक मुदगल ने बताया कि निगम के प्रयास तो हो रहे हैं लेकिन सफलता नजर नहीं आ रही इसके लिए निगम प्रशासन को गंभीर होना चाहिये। पिछले कई दिनों से सर्कुलर रोड पर बड़ी बड़ी मशीनों द्वारा नालों की सफाई का कार्य बहुत जोर शोर से चल रहा है। एक तरफ सफाई वहीं खुले डाले की ट्रॉली और डंफर में कीचड़ भरकर ले जाई जा रही है जो सड़क पर लगातार गंदगी फैलाती नजर आएगी। पार्षद दीपक मुदगल ने बताया की वर्षात से पहले नालों की सफाई पर निगम का करोड़ों रुपया खर्च किया जाता रहा है।फिर भी नाले बंद रह जाते हैं और कॉलोनियों में पानी भर जाता है उसके बाद पानी निकासी पर पुनः करोड़ों का खर्च किया जाता है।

# कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान की समीक्षा बैठक ली

**भरतपुर ( निस )।** मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.0 की जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक बुधवार को जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई जिसमें स्वीकृत सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ वर्षा पूर्व गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा कराने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कहा कि वर्षाकाल से पूर्व अधिक से अधिक जल संरक्षण एवं जल संग्रहण के कार्यो को पूर्ण कराने के लिए अधिकारी प्रभावी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने राज्य मद में बजट उपलब्ध होने पर मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान अन्तर्गत कार्यो की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति समय पर जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि महानरेगा घटक अन्तर्गत लिये गये कार्यो की समय पर स्वीकृति जारी कराने के साथ गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जाये। उन्होंने जिले में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अन्तर्गत स्वीकृत 151 कार्यो को भी वर्षाकाल से पूर्व पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आने वाली बरसात में प्रत्येक परिवार एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें इसके लिए लोगों को प्रेरित कर अभी से प्लान तैयार करें। उन्होंने अभियान के तहत जलस्त्रोतों में मिट्टी की सफाई एवं संरक्षण कार्यों को हाथ में लेने की आवश्यकता बताई। जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार अम्बेश द्वारा पीपीटी के माध्यम से मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.0 की प्रगति के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि मुख्यमत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.0 में भरतपुर जिले के 7 ब्लॉक एवं डीग जिले के 5 ब्लॉक की 71 ग्राम पंचायतों के 221 ग्रामों को सम्मिलित किया गया है। जिनमें वर्षा जल संग्रहण ढॉचें, एनीकट, फॉर्म पॉण्ड, एमपीटी, पीटी, मेडबंदी, पोखर, तालाब, पाईपलाईन, ड्रिप एवं वृक्षारोपण आदि के 4081 कार्य राशि रूपये 73.00 करोड के लिये गये हैं। मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान के अन्तर्गत राज्य मद, विभागीय मद एवं महानरेगा के कार्यो को स्वीकृत कराकर वर्षा पूर्व जल संरक्षण के कार्यो को पूर्ण कराया जाना है। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद डॉ वीरेन्द्रसिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्रसिंह, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी मनोहरसिंह, अधीक्षण अभियंता जल संसाधन देवीसिंह बेनीवाल, अधिशाषी अभियंता सुरेन्द्र तिवारी, अधिशाषी अभियंता करतारसिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.0 की जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक को जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

## बाल विवाह निषेध का संदेश

**धौलपुर,।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशानुसार बुधवार को जिले के पांचों नगरीय क्षेत्रों में बाल विवाह प्रतिषेध हेतु रैलियों का आयोजन किया गया।

हाल ही में बाल विवाह प्रतिषेध को लेकर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा ऐतिहासिक आदेश जारी करते हुए सरपंचों की लापरवाही को बाल विवाह के लिए उत्तरदायी मानने के निर्देश दिए है। इसी क्रम में बाल अधिकारिता विभाग और गृह विभाग ने बाल विवाह प्रतिषेध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आगामी अक्षयतृतीया और पीपलपूर्णिमा पर बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन लगा हुआ है।

इसी कड़ी में जिले में बाल विवाह प्रतिषेध अभियान के तहत धौलपुर में कलक्ट्रेट से सिटी जुबली हॉल, बाड़ी में पंचायत समिति से परशुराम धर्मशाला, सरमथुरा में पुलिस थाने से सीओ आफिस, राजाखेड़ा में एसडीएम ऑफिस से टाउन चौकी, बसेडी में एसडीएम ऑफिस से बस स्टैंड तक जन जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया। धौलपुर में जिला क्लक्टर श्रीनिधि बी टी और उपखण्डाधिकारी साधना शर्मा तथा सहायक निदेशक विश्वदेव पांडेय द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## सार-समाचार

### तीनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी ।** कोतवाली पुलिस ने 6 मार्च को जयपुर रोड खण्डेलवाल धर्मशाला के सामने एक चाय की दुकान पर बैठे युवक सुनील कुमार पर फायरिंग करने के तीन आरोपियो को पुलिस ने गिरफतार कर लिया वहीं अन्य आरोपियो की पुलिस को तलाश है। पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर व एएसपी राकेश राजोरा ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर बदले की भावना से जयपुर रोड पर कुछ बदमाशो ने एक युवक पर फायरिंग कर उसे घायल कर दिया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस तभी से आरोपियो की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सपोटरा थाना क्षेत्र में हुए उमेश हत्याकाण्ड में सुनील मीना भी आरोपी था। उसी का बदला लेने के लिए उमेश के मित्र जारिफ निवासी सैलू सवाईमाधोपुर ने कुनकटा निवासी कृष्णा गुर्जर को पैसे दे कर फायरिंग की सुपारी दी थी वहीं कृष्णा गुर्जर ने झुंझुनु जिले के दो शार्प सूटरो सर्म्पक कर उनसे घटना को अंजाम देने की योजना बनाई जिसमें सुरेन्द्र गुर्जर निवासी कुनकटा, पंकज निवासी थली भी शामिल थे। कोतवाली पुलिस ने जारिफ, सुरेन्द्र गुर्जर व पंकज को गिरफतार कर लिया। पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर के अनुसार सभी आरोपी आदतन अपराधी हैं और उनके कई आपराधिक रिकॉर्ड पहले से दर्ज हैं। कृष्णा बांसरोटा और उसका एक सहयोगी अभी फरार है। जिनकी गिरफतारी के प्रयास किए जा रहे है। झुंझुनूं पुलिस ने दोनों शार्प शूटर को गिरफ्तार कर रखा है। इन्हें प्रोटक्शन वारंट पर गंगापुर सिटी शीघ्र ही लाया जाएगा। मामले की जांच पुलिस उपाधीक्षक अरविन्द कुमार कर रहे है। आरोपियो को गिरफतार करने में कोतवाली थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह, एएसआई हनुमान प्रसाद व नौसाद खान, रामराज कांसिटबल राजपाल, टीकाराम, मुकेश, जयप्रकाश, विष्णु यादव ओर चालक सुरेश कुमार शामिल है।

### प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा संचालित पशु विज्ञान केंद्र, कुम्हेर द्वारा गांव थैरावर में पशुपालक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। जिसमे केंद्र के प्रभारी डॉ. सुभाष चन्द व डॉ. मुनेश कुमार पुष्प ने पशुपालको को गर्मियों में पशुओं के प्रबंधन के बारें में व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में पशु तनाव की स्थिति में आ जाते हैं। इस तनाव की स्थिति का पशुओं की पाचन प्रणाली, शारीरिक वृद्धि, स्वास्थ्य, रोग प्रतिरोधी क्षमता और दूध उत्पादन क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस मौसम में पशुओं के लू लगना, अपच होना, थनेला, परजीवी का प्रकोप, जीवाणु एवं विषाणु जनित रोगो का प्रकोप अधिक पाया जाता है। गर्मी के मौसम में पशुओं की आवास व्यवस्था, आहार प्रबंधन, पानी का उचित प्रबंधन, स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने गर्मी के मौसम में संतुलित पशु आहार, विटामिन खनिज-लवण मिश्रण एवं नमक देना जरुरी बताया। प्रशिक्षण शिविर में 20 पशुपालक लाभान्वित हुए।

### अवैध कट्टे सहित युवक पकड़ा

**करौली ।** करौली की लांगरा थाना पुलिस ने अवैध देसी कट्टे सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया आरोपी दिलखुश मीना है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। लांगरा थानाधिकारी वासुदेव प्रसाद बसवाल ने बताया कि पुलिस ने अवैध हथियार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दिलखुश मीना 20 पुत्र देवीचरण निवासी सांथलपुर को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस गश्त करते हुए सांथलपुर गांव के पास पहुंची जहां एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस ने आरोपी को रोककर पूछताछ की तो वह घबरा गया। आरोपी की तलाशी में उसके पास अवैध हथियार 315 बोर का देसी कट्टा मिला। पुलिस ने देसी कट्टा को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया है। कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम में थाना अधिकारी वासुदेव बसवाल के साथ हैड कॉन्स्टेबल शिवचरण, कॉन्स्टेबल विश्राम, कॉन्स्टेबल गणेश, कॉन्स्टेबल बबलू सिंह, कॉन्स्टेबल रणवीर, कॉन्स्टेबल भूपेश, कॉन्स्टेबल रामवीर, कॉस्टेबल नरेश शामिल रहे।

### ऊर्जा जागरूकता शिविर का आयोजन किया

**भरतपुर ( निस )।** बुधवार को रंजीत नगर के पास स्थित गोकुल नगर कच्ची बस्ती में बीईएसएल के ऊर्जा जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया एवं इस शिविर में नए विद्युत् कनेक्शन देने के साथ ही लोगों की विद्युत सम्बंधित समस्याओं को भी दर्ज किया गया। बीईएसएल के जनसंपर्क अधिकारी सुधीर प्रताप सिंह ने बताया कि इस शिविर में नया विद्युत कनेक्शन लेने हेतु कुल 86 लोगों ने फ़ाइल लगाईं और 32 लोगों ने डिमांड नोटिस भी जमा कराये। साथ ही बस्ती के लोगों को एमनेस्टी योजना की जानकारी दी गयी और योजना के तहत लोगों के विद्युत बिलों में पेनल्टी माफ़ कर बिल जमा कराये गये। शिविर में बस्ती के पूर्व पार्षद जगदीश सिंह अपनी टीम के साथ बी ई एस एल की सहायता करने हेतु मौजूद हैं। इस मौके पर सी.आर.एम हैड क्षितिज मिश्रा, जनसम्पर्क अधिकारी सुधीर प्रताप सिंह, सहायक अभियंता न्यू कनेक्शन बहादुर सिंह, सहायक अभियंता एल आर विंग गजेंद्र चौधरी, एचआर प्रभात सिंह, एडमिन अजय परमार, सीसी बाबू हरीश बिष्ट, फील्ड सर्वेयर पंकज गहलोत, कैशियर रिंकू, मानेश्वर गुर्जर और रवि बघेल समेत समस्त टेक्निकल व कमर्शियल स्टाफ शिविर में मौजूद रहा।

### जिला अस्पताल में बढी मरीजों की संख्या

**हिंडौन सिटी ।** गर्मी से आमजन परेशान हैं। गर्मी के कारण उल्टी-दस्त मरीजों की संख्या में वृद्धि होने से जिला अस्पताल में मेडिकल और शिशु वार्ड हाउसफुल है। शिशु वार्ड में एक पलंग पर 4-4 शिशु रोगी भर्ती है। वहीं ओपीडी से डीडीसी कॉउंटर पर दोपहर में भी लंबी कतार दिखी। गर्मी से हाल-बेहाल हो रहे लोगों के सुबह के वक्तपंखे की हवा में भी पसीने नही सूख रहे हैं। इधर क्षेत्र में भीषण गर्मी में बिजली कटौती आमजन परेशामन हैं। मौसम विभाग के अनुसार क्षेत्र में लू की संभावना बनी हुई है।

## किसान के तीन छप्परपोशों में लगी आग

**हिंडौन सिटी ।** टोडाभीम में अज्ञात कारणों से एक किसान के तीन छप्परपोशों में आग लग गई। जिससे उसमें रखा करीब ढाई लाख रुपए का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। घटना ठााम पंचायत जौल के गांव खेड़िया में बुधवार की है।पीड़ित भजनलाल मीना पुत्र अनंदुराम मीना ने बताया कि आग की सूचना मिलने पर ठाामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक छप्परपोशों में रखा घरेलू सामान सहित पशुओं का चारा जलकर राख हो गई।

पीड़ित भजनलाल मीना ने बताया कि मेरे मकान का कार्य चल रहा था। इसलिए घर का सारा सामान तीनों छप्परपोशों में रखा हुआ था। अचानक आग लगने से उसमें रखें 10 बोरी गेंहू, 85 हजार रुपए की नकद राशि, दो सौ मन तूड़ा, एक मोटरसाइकिल, एक चक्की, बेटी की दहेज का सामान, दस जोड़ी गद्दे रजाई, 20 जोड़ी पहनने के कपड़े, 50 हजार के बर्तन, एक कूलर, एक फ्रिज, चार चारपाई सहित 35 हजार का अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया।बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक छप्परपोशों में रखा करीब ढाई लाख रुपए का घरेलू सामान जलकर राख हो गया था। वहीं उक्त घटना को लेकर परिजनों व महिलाओं का रो-रो कर बुरा हाल है। जनप्रतिनिधियों ने भी हर संभव मदद का दिलाया भरोसा छप्परपोशों में लगी आग की सूचना पर पहुंचे हल्का पटवारी मुरारीलाल मीना एवं ठाामविकासाधिकारी उम्मेद सिंह ने मौके पर पहुंचकर आगजनी की घटना में हुए नुकसान का जायजा लिया। ठाामीणों ने पीड़ित को प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलवाये जाने की मांग की गई है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों के द्वारा पीड़ित को हर संभव आर्थिक सहायता दिलवाकर मदद करने का आश्वासन दिया गया।

# चिकित्सा विभाग की टीम ने 80 किलो बेकरी आइटम मौके पर करवाया नष्ट

**गंगापुर सिटी ।** राज्य में संचालित शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थो का नमूनीकरण एवं निरीक्षण की कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

विभाग द्वारा ३० अप्रैल २०२4 से 4 जून २०024 तक कोल्ड डिंक, आइसक्रीम, शरबत, ठंडाई, बैकरी, बेकरी प्रॉडक्ट्स, बडे होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट, मावा, पनीर, घी, मिठाई, मसाले, रीयूज्ड कुकिंग ऑइल, बडे स्तर पर समोसा, कचौरी, की निर्माण इकाई का नमूनीकरण एवं निरीक्षण किया जा रहा है।

अभियान में लिए गए नमूनों में पेस्टीसाइड एवं कृत्रिम रंग इत्यादि हानिकारक रसायनिक पदार्थो की जांच कराते हुए संस्थान की हाइजीनिक सेनिटेशन खाद्य अनुज्ञापत्र की वांछित पालना की सुनिश्चितता की जाएगी ताकि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा हो सके। अभियान के अंतर्गत निर्माण इकाईयों का भी सघन निरीक्षण एवं नमूनीकरण किया जाएगा।

अभियान के तहत विभाग द्वारा आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर के आदेश अनुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीना के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार, वेद प्रकाश पूर्वीया, बाबू लाल तगाया ने मंगलवार को गंगापुर सिटी में वृंदावन बेकरी से केक का सेम्पल, कुमार बेकर्स से आइस कैंडी का सेम्पल, केक वर्ल्ड सिंधी कॉलोनी से ८० किलो अवधिपार बेकरी आइटम कुकीज, बिस्किट, कोल्ड ड्रिंक, मैगी नूडल, पीनट बटर आदि को मौके पर ही नष्ट करवाया गया।

वही सभी व्यापारियों की समझाइश भी की गयी कि वे अपने सभी उत्पादों पर डेट ऑफ पेकिंग व बेस्ट बिफोर अवश्य अंकित करें।




बेकरी की दुकान का निरीक्षण करती खाद्य सुरक्षा टीम।

# शिविर में 55 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

**धौलपुर।** आयुर्वेद एवं पशुपालन विभाग धौलपुर व ठााम पंचायत कासिमपुर की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कासिमपुर में बुधवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर प्रभारी एवं संयोजक वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी प्रभारी कासिमपुर डॉ विनोद गर्ग ने बताया कि ब्लड बैंक में खून की कमी एवं विश्व थैलेसीमिया दिवस के उपलक्ष्य में इस भीषण गर्मी में रक्तदान का जुनून शिर चढ़कर बोला, जिसमें 55 रक्त वीरों ने रक्तदान किया।

डॉ भरत सिंह झिरवार उपनिदेशक आयुर्वेद धौलपुर, डॉ.संत सिंह मीणा संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग धौलपुर एवं डॉ विजय सिंह प्रमुख चिकित्सा अधिकारी सामान्य चिकित्सालय धौलपुर ने रक्तवीरो को प्रमाण पत्र एवं मेडल पहनाकर तथा भामाशाह मनीष गोयल मोर मुकुट मिष्ठान भंडार धौलपुर द्वारा रक्त वीरों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

पशुपालन विभाग से डॉ.संजय गोयल रक्तदान शिविर प्रभारी ने बताया कि ठाामीण स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन अपने आप में अभिनव पहल है। इसमें सभी विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों एवं अन्य लोगों का सराहनीय सहयोग रहा। डॉ.संत सिंह मीणा संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग धौलपुर, डॉ अमित गोयल, डॉ.आलोक सक्सैना, डॉ. सतीश गुर्जर, डॉ.संजय गोयल शिविर प्रभारी पशुपालन विभाग, डॉ आकाश वर्मा, डॉ.विनोद गर्ग शिविर संयोजक आदि अधिकारी कर्मचारियों तथा आमजन ने रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में भाग लिया। इस अवसर पर डॉ.भगवान दास शर्मा पूर्व उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग धौलपुर , डॉ दिनेश शर्मा, डॉ अनिल झा आदि का सराहनीय सहयोग रहा।डॉ.सुशांत शर्मा, डॉ दीपक शर्मा, डॉ.रामवतार सिंघल, कमल सिंह सिकरवार आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## मोतियाबिंद परामर्श शिविर लगाया गया

**भरतपुर ( निस )।** रोटरी क्लब भरतपुर द्वारा निशुल्क मोतियाबिंद परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर किरन नर्सिंग होम भरतपुर में आयोजन किया गया।

क्लब के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल एवं सचिव ज्योति स्वरूप अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर में 70 मरीजों की जांच की गई एवं 19 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। चयनित मरीजों का ऑपरेशन कैम्प में सहयोग देने वाले डॉ बृजेश शर्मा एवं डॉ प्रियंका अग्रवाल द्वारा ऑपरेशन 6 एवं 7 मई को किए गए। इस शिविर में रोटरी क्लब भरतपुर के सदस्यों द्वारा खूब सहयोग एंव समय दिया गया, जिससे कि यह शिविर सफलता पूर्वक पूर्ण हो सका।

## सीएमएचओ ने किया निरीक्षण

**भरतपुर ( निस )।** जिले के सबसे बडे आरबीएम अस्पताल में अब वृद्धजनों की सेवा-सुश्रुषा एवं उपचार और बेहतर हो सकेगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने इस दिशा में संवेदनशील पहल कर सभी जिला अस्पतालों में वृद्धावस्था विशेषज्ञ इकाई (जीरियाट्रिक वार्ड एवं जीरियाट्रिक क्लिनिक) बनाए हैं। जिनका बुधवार को डॉ गौरव कपूर सीएमएचओ एवं कार्यवाहक संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं जोन भरतपुर एवं अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ बीएल मीणा ने निरीक्षण किया एवं भर्ती वृद्धजनों से बात कर सेवाओं के बारे में फीडबैक लिया। निरीक्षण के समय अधीक्षक कम प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ नगेन्द्र भदौरिया, योजना के नोडल अधिकारी डॉ हरीश शर्मा, रामाश्रय वार्ड के इंचार्ज डॉ प्रभुत्व गोयल, डॉ वीरेन्द्र डागुर एवं राममोहन जांगिड जिला कार्यक्रम समन्वयक आईईसी उपस्थित थे। जीरियाट्रिक सेवाओं के जिला नोडल अधिकारी डॉ हरीश शर्मा ने बताया कि राजकीय जिला अस्पतालों एवं उप जिला अस्पतालों में वृद्धजनों को ओपीडी सेवाओं के लिए जीरियाट्रिक क्लिनिक की व्यवस्था की गई है। साथ ही अस्पतालों में रजिस्ट्रेशन काउंटर, जांच काउंटर, दवा वितरण केंद्र आदि पर वृद्धजनों के लिए अलग से व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

# एडीएम प्रशासन को दिया ज्ञापन समस्याओं के समाधान की मांग

**भरतपुर ( निस )।** अखिल भारतीय किसान सभा के जिला एवं तहसील पदाधिकारियों ने भरतपुर कलैक्ट्रेट के गेट से लेकर कलेक्टर कार्यालय तक नारे लगाते हुए एडीएम प्रशासन को ज्ञापन दिया, जिसमें मुख्य रूप से ईआरसीपी (पूर्वी राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट) को अविलम्ब चालू कराने, सभी फसलों के एम.एस.पी. पर खरीद कराये जाने, जिसमें कोई सीमा निर्धारित नहीं हो, किसानों की पूर्ण कर्जमाफी, आवारा पशुओं, जानवरों एवं मच्छरों से निजात दिलाने, भरतपुर क्षेत्र के तुहिया, सोगर, जघीना, जिरौली, हथैनी, नौगाया, गांवड़ी, इकरन, फुलवारा आदि सभी गांवों से पक्के नाले बनवाकर सीएफसीडी में पानी डलवाने, जिले के गांव खेरिया जाट, सैदपुरा, खुडासा आदि सहित जिन गांवों में आग लग जाने से किसानों का भारी नुकसान हुआ है, उसका समुचित मुआवजा दिलाये जाने सहित विभिन्न किसान समस्याओं का ज्ञापन दिया और प्रशासन के सामने किसान नेताओं ने दृढ़ता से बात रखते हुए कहा कि हमारे संगठन द्वारा पिछले लम्बे अरसे से किसानों की समस्याऐं उठायी गयी हैं।

लेकिन अभी तक कोई निष्कर्ष पर नहीं पहुँचे हैं। उनको हल करने के लिए तुरन्त प्रशासन कारगर कदम उठाये और जो समस्याऐं सरकार स्तर की हैं उनको रैफर करते हुए सरकार को किसानों की नाराजगी से अवगत कराऐं और उसकी कॉपी किसान संगठन को दी जावे। इस मौके पर कामरेड नत्थीलाल महामंत्री, गिर्राज सिंह जघीना अध्यक्ष, रम्मो सिंह, ठाकुर मुंशी सिंह नौगाया, हरीसिंह उपाध्यक्षगण, डॉ छिद्दालाल शर्मा सोगर, महावीर प्रसाद खोंखर, देवीप्रसाद शर्मा, राधाकिशन शर्मा गांवड़ी, अनिल कुमार शर्मा, हरभान सिंह तहसील अध्यक्ष पीरनगर, पूरन सिंह, अशोक कुमार जघीना कोषाध्यक्ष, अशोक कुमार जघीना, जवाहर सिंह जघीना ग्राम अध्यक्ष, गोपाल सिंह, बच्चू सिंह, करन सिंह पहलवान मुरवारा, ठा0 विजेन्द्र सिंह मलाह, सुन्दर सिंह बांसी, विजय गोयल बसुआ, राजवीर, भानूप्रताप, नन्दो जघीना, गोपी सिंह घसौला, भगवान सिंह आदि लोग मौजूद थे। ज्ञापन देने के बाद कलैक्ट्रेट के गेट पर मीटिंग में तय किया कि आने वाली 20 मई को कलैक्ट्रेट का घेराव किया जायेगा। इसी के साथ सभी साथियों को वयोवृद्ध नेता जवाहर सिंह ने धन्यवाद देकर 9 मई को सुबह ग्राम जघीना में होने वाली ग्राम कमेटी की मीटिंग के लिये सभी लोगों को आमंत्रित किया और इसी प्रक्रिया में हाल ही में तहसील कमेटी के चुने गये कार्यवाहक अध्यक्ष हरभान सिंह पीरनगर (से.नि.आरएसी) का सभी ने मालाऐं पहनाकर भव्य स्वागत किया।



अखिल भारतीय किसान सभा के पदाधिकारियों ने एडीएम प्रशासन को अपनी समस्याओं के समाधान की मांग के लिए ज्ञापन दिया

## कलेक्टर ने सफाई अभियान चलवाया

**धौलपुर।** धौलपुर शहर में एक बार फिर से जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने सफाई अभियान छेड दिया है। शहर के गौरव पथ पर सफाई अभियान की शुरुआत करते हुए कलेक्टर के साथ नगर परिषद की टीम ने सड़कों पर झाडू लगाने के साथ नालों पर बने स्थाई अतिक्रमणों को तोड़ने की कार्रवाई की।

अभियान को लेकर जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने बताया कि राजस्थान हाई कोर्ट के निर्देश पर जिले में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा जिले में जलभराव की समस्या एक ज्वलंत समस्या बनी हुई है। जिस समस्या से निपटने के लिए बुधवार सुबह गौरव पथ पर दोनों नालों के ऊपर बने स्थाई अतिक्रमणों को जेसीबी की सहायता से हटाया गया है। जिला कलेक्टर ने बताया कि बरसात के दिनों में धौलपुर जिले में जलभराव की समस्या सबसे अधिक रहती है। जिले में ज्यादातर जगह नाली और नालों के ऊपर लोगों ने अतिक्रमण कर रखे हैं। जिससे समय-समय पर उनकी सफाई नहीं होती। नाली और नालों की सफाई के लिए जिला कलेक्टर नगर परिषद की टीम को लेकर बुधवार सुबह गौरव पथ पर पहुंचे। जहां सड़कों पर झाडू लगाने के साथ ही कलेक्टर और नगर परिषद की टीम ने नालों के ऊपर बनाए गए स्थाई अतिक्रमणों को जेसीबी की सहायता से हटाने की कार्रवाई की।

# बाल विवाह के रोकथाम की बैठक सम्पन्न



करौली में भारत विकास परिषद की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

**सपोटरा/करौली ( नि.स. )।** उपखण्ड प्रशासन के द्वारा पंचायत सभागार में उपजिला कलेक्टर सुभाष गोयल की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, सेवा प्रदाता, सामाजिक संगठन, धर्मगुरुओं की बैठक आयोजित की गई।

एक्शनएड यूनिसेफ के जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि आखातीज, पीपल पूर्णिमा एवं अबूझ सावों पर होने वाले बाल विवाह की रोकथाम को लेकर उपखंड प्रशासन एक्शनएड यूनिसेफ द्वारा कार्यप्लान अधिकारियों के साथ साझा किया, उप जिला कलेक्टर सुभाष गोयल ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए विभागीय स्तर पर बाल विवाह रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही करने एवं समुदाय स्तर पर जन जागरूकता अभियान के माध्यम से आमजन को बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के संबंध में जागरूक कर बाल विवाह की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये एवं उपखंड स्तरीय बाल विवाह रोकथाम नियंत्रण कक्ष के संबंध में जानकारी देते हुए बाल विवाह की रोकथाम हेतु नियंत्रण कक्षों का प्रचार प्रसार करने की बात कही। एवं सभी को बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ दिलाई गई, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ने बाल विवाह रोकथाम को लेकर समिति की ओर से उठाया जा रहे आवश्यक कदम के संबंध में सभी विभागों के साथ चर्चा की एवं विभाग स्तर की गई कार्यवाही की जानकारी ली गई, जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी नेहरू युवा केंद्र करौली ने 1 मई 2024 से 31 मई 2024 तक विशेष जागरूकता अभियान में सभी विभागों के साथ धर्मगुरुओ, सेवाप्रदाताओ, एवं सामाजिक संगठन व स्वयंसेवी संस्थाओं के लोगों को सहयोग करने की बात कही।

